**पत्र सूचना कार्यालय**

**मानव संसाधन विकास मंत्रालय**

*********

# 8 जुलाई को घोषित होंगे केन्द्रीय विद्यालय संगठन के विभिन्न पदों पर भर्ती के परिणाम - डॉ. रमेश पोखरियाल 'निशंक'

**नई दिल्ली, 03 जुलाई 2019**

केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने केन्द्रीय विद्यालय संगठन में सात हजार से अधिक शिक्षकों एवं अन्य कार्मिकों के रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति का मार्ग प्रशस्त कर दिया है। इस क्रम में केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा विभिन्न पदों पर चयन हेतु आयोजित की गई परीक्षाओं के माध्यम से 7499 पदों के परिणाम 8 जुलाई 2019 को घोषित किये जाएंगे। केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक ने नई दिल्ली में आयोजित केन्द्रीय विद्यालय संगठन के 8वें उपायुक्त सम्मेलन में यह घोषणा की। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि मानव संसाधन विकास मंत्रालय रिक्त पड़े पदों को शीघ्र भरने के लिए गंभीर है। रिक्त पदों को भरकर हम केंद्रीय विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहे हैं।

केन्द्रीय मंत्री ने देश के अंतिम छोर तक गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करने और शीर्ष नेतृत्व में सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि कई बार छोटे-छोटे प्रयास समाज में बड़े परिवर्तन का कारण बनते हैं, इसलिए हम अपने विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चों में ऐसी आदतें विकसित करें जो आगे चलकर बड़े बदलाव लाएं। उन्होंने बच्चों में जल संरक्षण और स्वच्छता की आदत विकसित करने पर विशेष बल दिया और इसे एक मिशन के तौर पर अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सक्षम, समृद्ध भारत के लिए हमें समर्पित प्रखर, उद्यमशील पीढ़ी को तैयार करना है। देश का भावी नेतृत्व तैयार करने की जिम्मेदारी हमारे विद्यालयों की है।

विदित हो कि केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा अधिकारियों, शिक्षकों एवं गैर-शैक्षिक कार्मिकों के पदों पर सीधी भर्ती द्वारा चयन करने हेतु 2018 में भर्ती परीक्षा का आयोजन किया गया था। अभी तक केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा कुल 1944 पदों के परिणाम घोषित किये जा चुके हैं और नियुक्तियां प्रदान की जा चुकी हैं।

घोषित किये जा चुके परिणामों में 76 प्राचार्य, 217 उप प्राचार्य, 1079 स्नातकोत्तर शिक्षक, 340 स्नातक शिक्षक (विविध श्रेणी), 95 पुस्तकालयाध्यक्ष व 137 प्राथमिक शिक्षक (संगीत) शामिल हैं।

शेष घोषित किये जाने वाले परिणामों में कुल 7499 पद शामिल हैं, जिनमें 4 उपायुक्त, 3 उप प्राचार्य, 3473 प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक, 3000 प्राथमिक शिक्षकों के अतिरिक्त 31 सहायक अनुभाग अधिकारी, 269 वरिष्ठ सचिवालय सहायक, 38 आशुलिपिक (ग्रेड-2) और कनिष्ठ सचिवालय सहायक के 684 पद शामिल हैं।

इसके अलावा सीमित विभागीय परीक्षा के माध्यम से पदोन्नत 123 अधिकारियों के पद का परीक्षा परिणाम भी घोषित किया जाएगा।

गौरतलब है कि केन्द्रीय विद्यालयों में शिक्षकों एवं गैर शैक्षिक कार्मिकों की व्यापक पैमाने पर भर्ती होने के उपरांत शिक्षकों एवं कार्मिकों की कमी काफी हद तक दूर होगी और पठन-पाठन की प्रक्रिया व शिक्षा की गुण्वत्ता में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। वर्तमान में 1207 केन्द्रीय विद्यालय संचालित किये जा रहे हैं, जिनमें लगभग 12.75 लाख बच्चे अध्ययनरत हैं।

*****

नाभ/अकुजै/आक